## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नामकुम खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में आज भी भारतीय वायु सेना के शौर्य, पराक्रम और फाइटर पायलटों के अद्भुत कौशल का दिखेगा नजारा।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी टीम के साथ पहुंचे बर्सिलोना, प्रवासी भारतीय उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
3. सरायकेला खरसांवा के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला का लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2024 का प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए हुआ चयन।
4. राज्यपाल के निर्देश पर रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया एसओपी, कॉलेज शिक्षक शाम 4 बजे तक रहेंगे अपने कार्यस्थल पर।

   और
5. झारखंड की तीन महिला फुटबॉलरो का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए, तीनों खिलाड़ी गुमला आवासीय सेंटर की।

******************

भारतीय वायु सेना के शौर्य, पराक्रम और फाइटर पायलटो के अद्भुत कौशल का नजारा आज भी रांची के नामकुम खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में देखने को मिलेगा। आज सुबह 9 बजकर 45 मिनट से 10 बजकर 45 मिनट तक एयर शो चलेगा। इससे पहले कल भी एयर शो का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम ने हॉक जेट विमानों से आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखा लोगो में रोमांच भर दिया। वायु सेना की फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू ने बताया कि वर्ष 1996 में इस एरोबेटिक्स टीम का गठन सेना में हुआ था। रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने कहा कि एयर शो अदभूत था।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी टीम के साथ कल बर्सिलोना पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य झारखंड और स्पेन के बीच व्यापार, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के प्रतिष्ठित संस्थानों और भारतीय प्रवासी उद्यमियों से मुलाकात की। फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना के साथ भी बैठक की। इस दौरान झारखंड में संभावित एक्सपो और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विचार विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

******************

सरायकेला खरसांवा के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला का लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2024 का प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। भारत सरकार यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रदान करती है। यह पुरस्कार कल विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सिविल सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवाार के निर्देश पर रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी और कॉलेजों में शिक्षकों के लिए नियमित रूप से सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शाम 4 बजे तक अपने अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने का निर्देश जारी किया है। साथ ही नियमित रूप से रूटिन के आधार पर कक्षाएं लेने का भी निर्देश जारी किया गया है। वहीं कार्यरत सभी कर्मचारियों को भी शाम 5 बजे तक उपस्थित रहने का निर्देश जारी किया गया है।

******************

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना है, तो संसद और विधानसभा का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए।

वही दूसरी ओर निशिकांत दूबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए बयान पर जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि देश में तानाशाही इस स्तर पर बढ़ गई है कि अब एक सांसद ही कोर्ट को चुनौती दे रहा है।

******************

देवघर जिले में पोषण पखवाड़े के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोनारायठाढ़ी प्रखंड की सेविकाओ ने मौसमी फलों और सब्जियों की प्रर्दशनी लगाई। इस अवसर पर कुकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सेविकाओं ने गीत के माध्यम से पोषण पखवाड़ा के महत्व को बताया। बीडीओ सह सीडीपीओ रजनीश कुमार और सीओ राजेश कुमार साहा ने सेविकाओ द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण कर पोषण जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

******************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत खूंटी जिले के कई बेरोजगार युवक युवतियों ने स्वरोजगार अपनाकर अन्य बेरोजगारों को भी रास्ता दिखाया है।

******************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन के दूसरे संस्करण के नतीजे शुक्रवार देर रात जारी किए थे। इसमें झारखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जमशेदपुर के आर्यन मिश्रा 99.999 पर्सेंटाइल लाया है। वहीं रांची के यश कुमार को 99.99 परसेंटाइल मिला है।

******************

भाजपा के सांसद दीपक प्रका□ा ने कहा है कि बंगाल से सटे झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज आने वाले भारणार्थियों का वि□ोश ख्याल रखा जाना चाहिए।

******************

झारखंड की तीन महिला फुटबॉलरो का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए हुआ है। जून जुलाई में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए कल 39 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की गई। इनमें डिफेंडर पूर्णिमा कुमारी, विक्सित बाड़ा और फारवर्ड खिलाड़ी सुमति कुमारी शामिल है। तीनों खिलाड़ी गुमला आवासीय सेंटर की है। तीनों कोच वीणा केरकेट्टा की देखरके में ट्रेनिंग करती है। सुमति असम रायफल्स में कार्यरत है। वह भारतीय सीनियर टीम की नियमित सदस्य है। वहीं पूर्णिमा फीफा अंडर 17 वर्ल्ड कप खेल चुकी है। विक्सित बाड़ा भी भारतीय अंडर 17 फुटबॉल टीम का प्रतिनिधत्व कर चुकी है।

******************

मौसम विभाग ने आज पूरे राज्य में तेज हवा के साथ गरज और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में तेज हवा के साथ गर्जन, वज्रपात और बारिश होने की आशंका जतायी गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवाओं की गति 40 से 50 किमी प्रतिघंटे तक रह सकती है। हालांकि सुबह से दोपहर तक गर्मी बरकरार रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार शाम को हवाओं के साथ बारिश के बाद मौसम खुशनुमा होने की संभावना है।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने रांची में हुए एयर शो की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है–दुमका के मूल्यांकन केंद्र में मैट्रिक की 800 से अधिक कॉपियां जली।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–जल जीवन मिशन में फर्जीवाड़े में ईडी का बड़ा खुलासा, टेंडर वैल्यू का 10 प्रतिशत लेते थे कमीशन, मंत्री से सचिव तक बंटती थी राशि।

हिंदुस्तान ने लिखा है–नगर निकायों में 3 लाख 16 हजार बनेंगे पीएम आवास

वहीं दैनिक जागरण लिखताा है मुर्शिदाबाद हिंसा के पीड़ितों से मिले राज्यपाल, शांति बहाली का दिया भरोसा।

********* समाप्त *********